दिनांक–26.03.2024
समय–7.10एएम
प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया आज से फिर शुरू।
- उज्जैन में महाकाल मंदिर हादसे के घायलों का इलाज जारी। मुख्यमंत्री ने किया घटना स्थल का दौरा।
- धार की भोजशाला में होली के दिन भी हुआ सर्वे। आज भी सर्वे करेगी एएसआई की टीम।
- आईपीएल में रायल चैलेंजर बैंगलुरू ने पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हराया। आज चैन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस की भिडंत।

लोकसभा नामांकन

लोकसभा चुनाव निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आज से फिर नामांकन दाखिल करने का सिलसिला शुरू होगा। 16 उम्मीदवारों ने अभी तक नामांकन फार्म जमा किए हैं। होली की छुट्टी के बाद आज से फिर नामांकन फार्म जमा होंगे। अब नामांकन जमा करने के लिए दो दिन बाकी है। कल 27 मार्च नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा चुनाव के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण के लिए नाम–निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। 22 मार्च को 10 अभ्यर्थियों ने 12 नाम. निर्देशन पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। 30 मार्च तक अपने नाम वापस लिए जा सकेंगे। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

होली

होली के अवसर पर भगवान रामलला के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में कल श्रद्धालु अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, भक्तों ने राम मंदिर के अंदर 'रंगोत्सव' मनाया। रंगों का त्योहार 'रंगोत्सव' के मौके पर नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद पहली बार रामलला को रंग अर्पित किया गया। भक्तों ने एक–दूसरे को त्योहार के रंगों में रंग दिया। मौज–मस्ती के बीच, पारंपरिक मिठाइयां साझा की गई। प्रदेश में भी होली का त्यौहार पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। धार में रंगों के पर्व होली को लेकर आदिवासी बाहुल्य धार जिले में उत्साह का माहौल रहा। धुरेंडी पर हुरियारो द्वारा जमकर रंग खेला गया। विभिन्न समाजों द्वारा परम्परागत गेर भी निकाली गई। शिवपुरी में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रंग उत्सव के बीच युवाओं में खासा जोश देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर चौराहों पर कॉलोनी में लोग गीत– संगीत पर नाचते झूमते नजर आए और एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सीहोर प्रदेश का एकमात्र जिला है जहां लगातार दो दिन रंग का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा इस बार भी महादेव की होली का आयोजन करेंगे। आगरमालवा, शाजापुर, राजगढ़, ग्वालियर, सतना, खरगोन सहित प्रदेश के अन्य जिलों से भी होली का पर्व हर्ष के साथ मनाने के समाचार मिले है।

महाकाल हादसा

ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में कल भस्मारती के दौरान गर्भगृह में आग लगने की घटना के बाद घायल हुए 14 लोगों का इलाज जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने गर्भगृह के बाहर से महाकाल के दर्शन किए और पुजारियों से चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जो घटना घटी है वह बहुत दुखद है। सरकार ने निर्णय लिया कि इसकी मजिस्ट्रियल जांच होनी चाहिए। डॉ. यादव ने कहा कि मंदिर में हुए हादसे से प्रभावित घायलों के उपचार में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इसके लिए चिकित्सा विशेषज्ञों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि घायलों का पूरा इलाज कराया जाएगा, सभी घायलों को एक–एक लाख रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और गृह मंत्री से इस घटना के संबंध में फोन पर चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री ने कल इंदौर पहुंचकर घायल हुए व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने हास्पिटल में उपचार के लिए आए घायलों से मुलाकात कर बातचीत की। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मत्री कैलाश विजयवर्गीय और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट भी उपस्थित थे।

<u>कांग्रेस – छठी सूची</u>

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। राजस्थान में कोटा से प्रहलाद गुंजाल, अजमेर से रामचन्द्र चौधरी और राजसमंद से सुदर्शन रावत चुनाव लडेंगे। पार्टी ने तमिलनाडु के तिरूनेलवेली से एडवोकेट सी रॉबर्ट ब्रूस को चुनाव मैदान में उतारा है।

<u>भोजशाला</u>

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर धार में ऐतिहासिक भोजशाला का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग एएसआई का सर्वे चौथे दिन सोमवार को होली के दिन भी जारी रहा। टीम ने करीब आठ घंटे तक जांच की। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह सर्वे किया जा रहा है। भोजशाला के बाहर भी उत्खनन किया गया। साथ ही अंदर–बाहर से मिट्टी के सैंपल लिए गए। खुदाई करके निकाले गए पत्थरों के सैंपल लिए गए, जिससे भोजशाला की उम्र पता की जा सके। भोजशाला के अंदर पत्थरों पर मौजूद कलाकृतियों को रिकार्ड में लिया गया। आज पांचवें दिन भी विभाग की टीम भोजशाला में सर्वे करेगी।

<u>जम्मू–कश्मीर–अमरनाथ यात्रा</u>

अमरनाथ यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई है। जम्मू संभाग के दस जिलों में स्वास्थ्य प्रमाण पत्र की व्यवस्था की जा रही है, जिससे तीर्थयात्रियों को घोषित तिथि से अपनी यात्रा शुरू करने की अनुमति मिल सके। कुल 112 डॉक्टरों को क्षेत्र भर के स्वास्थ्य केंद्रों से अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाणपत्र–सीएचसी जारी करने के लिए नामित किया गया है। अमरनाथ यात्रा की आधिकारिक घोषणा लंबित है, लेकिन श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की हालिया बैठक के दौरान चर्चा में 29 जून से यात्रा की शुरुआत का संकेत दिया गया है। परंपरागत रूप से, 15 मार्च से जारी किए गए स्वास्थ्य प्रमाणपत्र यात्री पंजीकरण के लिए वैध माने जाते हैं। यात्री पंजीकरण प्रक्रिया संबंधित जिलों के भीतर निर्दिष्ट बैंक शाखाओं में शुरू होगी।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में गर्मी तेवर दिखाने लगी है। इस सीजन में दमोह में पहली बार दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि खरगोन, खजुराहो, खंडवा, रतलाम, मंडला, गुना, सागर और नर्मदापुरम में तापमान 38 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। सीहोर जिले में कल अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। छिंदवाड़ा जिले में अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं न्यूनतम पारा 18.5 डिग्री दर्ज किया गया। दिन के साथ रातें भी गर्म होने लगी हैं, भोपाल, इंदौर, सागर, नर्मदापुरम–टीकमगढ़ में पारा 21–22 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आज कुछ जिलों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बादल छाने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अब धीरे–धीरे तापमान प्रतिदिन बढ़ेगा। यही कारण है कि भीषण गर्मी के कारण अब लोगों को कूलर और एसी का भी सहारा लेने को मजबूर होना पड़ रहा है।

<u>क्रिकेट–आईपीएल</u>

आईपीएल क्रिकेट में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कल रात पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया है। 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने 19 ओवर 2 गेंद में 6 विकेट खोकर 178 रन बनाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 77 रन बनाए।

पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 176 रन बनाए। शिखर धवन 37 गेंदों पर 45 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

आज चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से शाम 7.30 बजे होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- नीमच–भोपाल राजमार्ग–41 पर आगरमालवा जिले में ग्राम कानड़ के समीप बीती रात एक कार और ट्रेक्टर की आमने–सामने की हुई भिडंत में नौ लोग घायल हो गये ,जिसमें तीन महिलाएं है। घायलों का आगरमालवा जिला चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है।
- रायसेन की किले वाली पहाड़ी पर बाघ की निरंतर मूवमेंट होने की वजह से किले में आने वाले पर्यटकों पर यहां जाने के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। पर्यटकों की सुरक्षा की दृष्टि से वन विभाग ने यह कदम उठाया।
- शिवपुरी जिले में लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। करैरा जनपद सीईओ ब्रह्मेद्र गुप्ता अपने स्टाफ के साथ करैरा बाजार पहुंचे उन्होंने दुकानदार व गुमटी वालों से संवाद स्थापित किया।
- सतना जिले भर में पात्र लोगों को मेडिकेटेड मच्छरदानिया वितरित करने का काम लगातार जारी है मलेरिया विभाग के अनुसार 6 फरवरी से शुरू किए गए इस अभियान में अब तक 1 लाख़ 25 हजार से अधिक लोगों को मच्छरदानी दी जा चुकी हैं।
- खंडवा में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जेसीआई क्लब द्वारा घंटाघर पर नशे की सामग्री की होली का दहन कर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

-----------------------------------

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) लोकसभा नामांकन

लोकसभा चुनाव निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आज से फिर नामांकन दाखिल करने का सिलसिला शुरू होगा। 16 उम्मीदवारों ने अभी तक नामांकन फार्म जमा किए हैं। होली की छुट्टी के बाद आज से फिर नामांकन फार्म जमा होंगे। अब नामांकन जमा करने के लिए दो दिन बाकी है। कल 27 मार्च नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा चुनाव के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण के लिए नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। 22 मार्च को 10 अभ्यर्थियों ने 12 नाम. निर्देशन पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। 30 मार्च तक अपने नाम वापस लिए जा सकेंगे। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

(2) होली

होली के अवसर पर भगवान रामलला के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में कल श्रद्धालु अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, भक्तों ने राम मंदिर के अंदर ’रंगोत्सव’ मनाया। रंगों का त्योहार ’रंगोत्सव’ के मौके पर नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद पहली बार रामलला को रंग अर्पित किया गया। भक्तों ने एक-दूसरे को त्योहार के रंगों में रंग दिया। मौज-मस्ती के बीच, पारंपरिक मिठाइयां साझा की गई। प्रदेश में भी होली का त्यौहार पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। धार में रंगों के पर्व होली को लेकर आदिवासी बाहुल्य धार जिले में उत्साह का माहौल रहा। धुरेंडी पर हुरियारो द्वारा जमकर रंग खेला गया। विभिन्न समाजों द्वारा परम्परागत गेर भी निकाली गई। शिवपुरी में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रंग उत्सव के बीच युवाओं में खासा जोश देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर चौराहों पर कॉलोनी में लोग गीत- संगीत पर नाचते झूमते नजर आए और एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सीहोर प्रदेश का एकमात्र जिला है जहां लगातार दो दिन रंग का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा इस बार भी महादेव की होली का आयोजन करेंगे। आगरमालवा, शाजापुर, राजगढ़, ग्वालियर, सतना, खरगोन सहित प्रदेश के अन्य जिलों से भी होली का पर्व हर्ष के साथ मनाने के समाचार मिले है

(3) <u>भोजशाला</u>

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर धार में ऐतिहासिक भोजशाला का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग एएसआई का सर्वे चौथे दिन सोमवार को होली के दिन भी जारी रहा। टीम ने करीब आठ घंटे तक जांच की। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह सर्वे किया जा रहा है। भोजशाला के बाहर भी उत्खनन किया गया। साथ ही अंदर-बाहर से मिट्टी के सैंपल लिए गए। खुदाई करके निकाले गए पत्थरों के सैंपल लिए गए, जिससे भोजशाला की उम्र पता की जा सके। भोजशाला के अंदर पत्थरों पर मौजूद कलाकृतियों को रिकार्ड में लिया गया। आज पांचवें दिन भी विभाग की टीम भोजशाला में सर्वे करेगी।

(4) महाकाल हादसा

ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में कल भस्मारती के दौरान गर्भगृह में आग लगने की घटना के बाद घायल हुए 14 लोगों का इलाज जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने गर्भगृह के बाहर से महाकाल के दर्शन किए और पुजारियों से चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जो घटना घटी है वह बहुत दुखद है। सरकार ने निर्णय लिया कि इसकी मजिस्ट्रियल जांच होनी चाहिए। डॉ. यादव ने कहा कि मंदिर में हुए हादसे से प्रभावित घायलों के उपचार में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इसके लिए चिकित्सा विशेषज्ञों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि घायलों का पूरा इलाज कराया जाएगा, सभी घायलों को एक-एक लाख रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और गृह मंत्री से इस घटना के संबंध में फोन पर चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री ने कल इंदौर पहुंचकर घायल हुए व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने हास्पिटल में उपचार के लिए आए घायलों से मुलाकात कर बातचीत की। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मत्री कैलाश विजयवर्गीय और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट भी उपस्थित थे।

(5) मौसम

प्रदेश में गर्मी तेवर दिखाने लगी है। इस सीजन में दमोह में पहली बार दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि खरगोन, खजुराहो, खंडवा, रतलाम, मंडला, गुना, सागर और नर्मदापुरम में तापमान 38 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। सीहोर जिले में कल अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। छिंदवाड़ा जिले में अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं न्यूनतम पारा 18.5 डिग्री दर्ज किया गया। दिन के साथ रातें

भी गर्म होने लगी हैं, भोपाल, इंदौर, सागर, नर्मदापुरम-टीकमगढ़ में पारा 21-22 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आज कुछ जिलों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बादल छाने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अब धीरे-धीरे तापमान प्रतिदिन बढ़ेगा। यही कारण है कि भीषण गर्मी के कारण अब लोगों को कूलर और एसी का भी सहारा लेने को मजबूर होना पड़ रहा है।

-------------------------------